माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)

MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM & COMMUNICATION

(Setup by Act No. 15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

सूचना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2023-24

क्रमांक./अका./2024/ 1078 भोपाल, दिनांक 26/09/24

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय मुख्यालय एवं अन्य परिसरों के सभी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मूल निवासी **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति /पिछड़ा वर्ग** के अन्तर्गत **नवीनीकरण** विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उक्त के लिये शासन के स्कॉलरशिप पोर्टल (https://www.tribal.mp.gov.in/MPTAAS) पर आवेदन किए जा सकते है। आवेदन हेतु निम्नलिखित चरण प्रावधानिक है –

1. विद्यार्थियों द्वारा **विगत वर्ष की प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत) एवं तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर (तृतीय वर्ष में अध्ययनरत) की अंक सूची की छायाप्रति अपने-अपने विभाग में शीघ्र जमा करना अनिवार्य है।** एमपीटास पोर्टल में रिजल्ट अपलोड होने के उपरांत वर्तमान सत्र हेतु संबंधित विद्यार्थियों के लॉगिन पर नवीनीकरण का आप्शन आने लगेगा। सभी विभाग उक्त विद्यार्थियों से प्राप्त अंकसूचियों को दिनांक 10/10/2024 तक अकादमिक विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
2. विद्यार्थियों के लॉगिन पर नवीनीकरण का आप्शन आने पर विद्यार्थी को MPTAAS पर अपनी लॉगिन आई.डी. द्वारा आवेदन करना है। आवेदन उपरांत आवेदन का प्रिंट एवं संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज (फार्म, आवेदन फार्म, जाति, निवास, एवं आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, गत वर्ष की अंकसूची की छायाप्रति, नोटरी किया हुआ शपथ पत्र) आवेदन करने के एक सप्ताह के भीतर अपने विभाग में जमा करना है। विभाग उपरोक्त दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन करके एक सप्ताह के भीतर अकादमिक विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें, जिससे समय-सीमा में वैरिफिकेशन की प्रक्रिया की जा सके। फार्म का प्रारूप संलग्न है (संलग्नक अ)।
3. विभाग द्वारा आवेदन फार्म भेजने के साथ गत सत्र में विद्यार्थी की उपस्थिति के दिन एवं उपस्थित प्रतिशत, निम्न प्रारूप में भेजा जाना अनिवार्य है। 75 % एवं उससे अधिक उपस्थिति होने पर ही छात्रवृत्ति की पात्रता रहेगी।

क्र.	विद्यार्थी का नाम	वर्ष एवं सेमेस्टर	जाति (SC/ST/OBC)	कुल उपस्थित दिवस (180 में से)	उपस्थिति प्रतिशत
1					
2					

उपरोक्त कार्यवाही तय समय-सीमा में पूर्ण की जानी है। नवीन विद्यार्थियों के एडमिशन डाटा अपलोड होने पश्चात् उनके आवेदन भरने की प्रक्रिया शीघ्र सम्पन्न कराई जाएगी।

(प्रो. (डॉ.) अविनाश वाजपेयी)
कुलसचिव

पृष्ठांकन क्रमांक/अका./2024/ 1079 भोपाल, दिनांक 26/09/24

प्रतिलिपि -

1. निज सचिव कुलगुरू, निज सहायक कुलसचिव को सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्षगणों/परिसर प्रभारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. सूचना पटल एवं आदेश पुस्तिका।

(प्रो. (डॉ.) अविनाश वाजपेयी)
कुलसचिव